## एक नजर में

### पंचम दिवस के सत्र में दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं इकाई-2 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन होप एकेडमी स्कूल परिसर, में संस्था के प्राचार्य डॉ.केसी जैन के निर्देशन में किया जा रहा है।**

इसीक्रम में शिविर के पंचम दिवस के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद राय सहायक जिला अभियोजन अधिकारी जिला न्यायालय टीकमगढ़, सहायक प्राध्यापक प्रतीक्षा चौबे, डॉ.रजनी राय रहे। अध्यक्षता स्वयंसेवकों बीच में ही उत्कृष्ट कार्य के लिए निलेश रजक चुने गए सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। सर्वप्रथम प्रमोद राय जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा यदि छात्र दृढ़ संकल्प कर समय सीमा पर तैयारी करता है। शासकीय सेवा में बड़ा पद प्राप्त कर सकता हैं और उन्होंने छात्रों को प्रशासनिक सेवा परीक्षा तैयारी के टिप्स उनके द्वारा दिए गए है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 एवं इकाई-2 के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन होप एकेडमी स्कूल परिसर, में संस्था के प्राचार्य डॉ.केसी जैन के निर्देशन में किया।

# कृषि कार्य के पंजीकृत वाहनों का व्यवसाय में उपयोग

**संबंधित विभाग नहीं कर रहा लापरवाहों पर कार्यवाही**

**भवन निर्माण की सामग्री के उपयोग में कागजों की अनदेखी**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है ।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक बेखौफहोकर सामान ढोने का व्यापार चला रहे हैं।**

कृषि क्षेत्र में सुविधाओं के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली टैक्स फ्री रखा गया है लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय किया जा रहा है। ट्रैक्टर मालिक रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं रखते है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं। इनके पास देखा जाए तो जो व्यक्ति ट्रैक्टर चलाते हैं उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं होता ट्रैक्टर और ट्रॉली से कृषि कार्य की आड़ में धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। पुलिस के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर यह वाहन दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। जिस पर संबंधित विभाग लगाम नहीं कस पाया है। अधिकतर बिना कागजात, लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ग्रामीण अंचल में नौसिखिया ट्रैक्टर चलाते हैं। ऐसे नौसिखिया के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में ट्रैक्टर ट्राली से कई घटनाएं घटित हो चुकी है। वहीं कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए उपयोग किया जा रहा है जबकि इससे केबल कृषि कार्य करने का प्राबधान है। लोगों का कहना है कि ऐसे ट्रैक्टर मालिकों के उपर कार्यवाही करना चाहिए। वही एक ओर कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का व्यावसायिक उपयोग होने से जहां शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो रही है वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर नियमित कार्यवाही नहीं की जा रही है। कई ट्रैक्टरों का लोग बीमा नहीं कराते हैं ऐसे में दुर्घटना के बाद लोगों बीमा क्लेम के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले भर में भवन निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है ।यह ट्रैक्टर, ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है।

**अप्रशिक्षित लोग बने वाहन चालक**

मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत, ईट, गिट्टी, सरिया आदि का परिवहन करते आए दिन देखा जा सकता है। परिवहन विभाग का नियंत्रण नहीं होने से ट्रैक्टर मालिक और चालक सामान ढोने का व्यापार कर रहे है। यह वाहन चालक पुलिस के सामने से होकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों में बेखौफ होकर यह वाहन दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। जिस पर संबंधित विभाग लगाम नहीं कस पाया है।

**कंडम ट्रैक्टर वाहनों का हो रहा उपयोग**

बना कागजात,लाइसेंस और बिना किसी खौफ के ट्रैक्टरों में सीमेंट, रेत, ग्रामीण अंचल में नौसिखिया ट्रैक्टर चलाते हैं। ऐसे नौसिखिया के पास लाइसेंस भी नहीं होता। गांव की सड़कों पर तेज गति से दौड़ाते हैं जिससे अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। बीते वर्षों में ट्रैक्टर ट्राली से कई घटनाएं घटित हो चुकी है। वहीं कृषि कार्य के उपयोग में आने वाले ट्रैक्टरों का पिटनेस चेक नहीं करवाते हैं। ऐसे में कंडम और खटारा ट्रैक्टरों को भी भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए उपयोग किया जा रहा है जबकि इससे केबल कृषि कार्य करने का प्राबधान है। लोगों का कहना है कि ऐसे ट्रैक्टर मालिकों के उपर कार्यवाही करना चाहिए। कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत है।

## सुबह से हुई एक बार फिर हल्की बूंदाबांदी



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मंगलवार को दिन की शुरुआत बारिश के साथ हुई। सुबह 6 से 7 बजे तक बूंदाबांदी दर्ज की गई, जिसके बाद आसमान में बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 6.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है ।हालांकि, जिले में गेहूं, चना, सरसों, मटर और मसूर जैसी प्रमुख फसलें अभी अच्छी स्थिति में हैं। दिन और रात के तापमान में वृद्धि से सब्जियों की पैदावार भी बेहतर हो रही है।**

भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक बारिश पलेरा और मोहनगढ़ तहसील में हुई, जहां लगभग आधा इंच वर्षा दर्ज की गई। जतारा और लिधौरा में भी लगभग आधा इंच बारिश हुई। हालांकि, बल्देवगढ़ और खरगापुर तहसीलें सूखी रहीं, जबकि और बड़ागांव धसान तहसील में मामूली बूंदाबांदी हुई ।बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। रविवार को 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान सोमवार को घटकर 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 3 डिग्री की कमी दर्शाता है। वहीं, रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, बुधवार से लेकर रविवार तक मौसम साफ रहने की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 23 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है ।दिन और रात के तापमान में लगातार हो रहे बदलाव से मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बढ़ते तापमान के कारण सरसों की फसल में माहू एफिड का प्रकोप भी देखा जा रहा है। हालांकि, जिले में गेहूं, चना, सरसों, मटर और मसूर जैसी प्रमुख फसलें अभी अच्छी स्थिति में हैं।

## खनिज विभाग की कार्यवाही में डस्ट से भरे ट्रैक्टर को किया जब्त



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खनिज विभाग के दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसीक्रम में खनिज विभाग के दल द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध परिवहन करते वाहनों को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार अस्तौन चौकी में एक ट्रैक्टर को गिट्टी डस्ट का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर रखा गया है।**

खनिज विभाग की टीम द्वारा प्रातः अस्तौन चौकी में एक ट्रैक्टर को गिट्टी डस्ट का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्त कर रखा गया है।

बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ट्रैक्टर ट्राली अवैध रेत का परिवहन करती पकड़ी गई, जिसका ड्राइवर मौके से भाग गया जिसे खनिज के पुलिस थाना बल्देवगढ़ अभिरक्षा में रखा गया। खरगापुर के समीप पहाड़ी मार्ग पर एक ट्रैक्टर ट्राली को खण्डा पत्थर के अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज अधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी वाहनों के नियम अनुसार प्रकरण तैयार कर जुर्माना लगाया गया है।

## सहायक उपकरण उपलब्ध कराने लगाया शिविर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र टीकमगढ़ में मंगलवार को एलिम्को एलिम्को जबलपुर द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।**

शिविर में दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग, कैलिपर, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरणों हेतु पात्रता का निर्धारण किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उनके दैनिक जीवन को सुगम करना है। जिला प्रशासन द्वारा पात्र दिव्यांगजनों से अपील की गई थी कि वे निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र टीकमगढ़ में मंगलवार को एलिम्को एलिम्को जबलपुर द्वारा दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

## नगर परिषद अध्यक्ष ने वितरित किए डस्टबिन

**नवभारत न्यूज पलेरा। स्वच्छ और सुंदर बनाने के अभियान के तहत पलेरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा द्वारा एक विशेष पहल की गई। स्वच्छता अभियान को गति देते हुए अध्यक्ष ने स्थानीय हाथ ठेला संचालकों और पथ विक्रेताओं स्ट्रीट वेंडर्स को निशुल्क डस्टबिन वितरित किए।**



इस अवसर पर अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा ने विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे कचरा सड़कों पर न फेंकें और ग्राहकों को भी डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। डस्टबिन वितरण के दौरान वार्ड पार्षद राजकुमारी राय, पार्षद प्रतिनिधि संजय अहिरवार, और नगर पालिका के सहायक ग्रेड.3 अरुण कुमार सोनी सहित नपा का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। पार्षद राजकुमारी राय ने भी विक्रेताओं को अपने कार्यस्थल के आसपास सफाई बनाए रखने की समझाइश दी। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल का पथ विक्रेताओं ने स्वागत किया।


## वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान का किया गायन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में फरवरी माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया।**

अपर कलेक्टर डिप्टी कलेक्टर तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा फरवरी माह के प्रथम कार्य-दिवस पर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्र-गान का गायन कर शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। सामूहिक गायन में विभागीय अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार संयुक्त कार्यालय परिसर टीकमगढ़ में फरवरी माह के प्रथम कार्य-दिवस पर आज राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया।

## संगीतमय धार्मिक कथा का रसपान ले रहे भक्तगण

**नवभारत न्यूज खरगापुर। ग्राम रमपुरा में इन दिनों धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है, जहाँ साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर परम पूज्य प्रियंका किशोरी जी के मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत महापुराण का भावपूर्ण एवं संगीतमय वाचन किया जा रहा है।**



कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रासलीला, गोवर्धन पूजा, भक्त प्रह्लाद एवं ध्रुव चरित्र सहित विभिन्न प्रसंगों का सुंदर एवं प्रेरणादायी वर्णन किया गया है। संगीतमय भजनों एवं कीर्तन से कथा स्थल का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया है। जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा श्रवण कर रहे हैं। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम रमपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। कथा स्थल पर आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैठने, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस पावन श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करें। ग्राम रमपुरा में इन दिनों धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है, जहाँ साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर परम पूज्य प्रियंका किशोरी जी के मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत महापुराण का भावपूर्ण एवं संगीतमय वाचन किया जा रहा है।

## 9 फरवरी से होगा महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

**धार्मिक स्थल छिपरी धाम में 7 दिनों तक होंगे कार्यक्रम**

**15 फरवरी को सुबह 6 बजे होगा विशेष शिवार्चन**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मातृधाम छिपरी में इस साल महाशिवरात्रि का पर्व बेहद भव्य होने जा रहा है। यहां 9 से 15 फरवरी तक सात दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।**



इस उत्सव में देश के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ ही संत श्री रविशंकर महाराज ने सभी श्रद्धालुओं को इस महोत्सव में शामिल होने का न्यौता दिया है। यह पूरा महोत्सव छिपरी स्थित मां शारदा की पहाड़ी पर आयोजित होगा। यहां दो साल पहले ही भगवान सदाशिव की विशाल 70 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। इसी पावन स्थल पर सात दिनों तक भक्ति और संगीत की सरिता बहेगी। दोपहर प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होगा। शाम हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक और भजनों के कार्यक्रम होंगे। 15 फरवरी महाशिवरात्रि सुबह 6 बजे से विशेष शिवार्चन और पूजा-अर्चना की जाएगी। 14 फरवरी मशहूर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा अपनी बुलंद आवाज में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। 15 फरवरी इंडियन आइडल विजेता पवनदीप राजन अपनी जादुई प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लेंगे। इनके अलावा महोत्सव के शुरुआती दिनों में लीलाधर रैकवार 9 फरवरी, मुस्कान प्रजापति 10 फरवरी, रवि अहिरवार 11 फरवरी, जितेंद्र चौरसिया 12 फरवरी और कविता शर्मा 13 फरवरी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव की तैयारियों के बीच सोमवार को संत रविशंकर महाराज टीकमगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने ताल दरवाजा स्थित आकाशी व्यास लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देकर छिपरी के लिए रवाना हो गए ।बुंदेलखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मातृधाम छिपरी में इस साल महाशिवरात्रि का पर्व बेहद भव्य होने जा रहा है।

**सोमवार को पहुंचेंगे रविशंकर महाराज**

महोत्सव के शुरुआती दिनों में 9 फरवरी, 10 फरवरी, रवि अहिरवार 11 फरवरी, जितेंद्र चौरसिया 12 फरवरी और कविता शर्मा 13 फरवरी भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव की तैयारियों के बीच सोमवार को संत रविशंकर महाराज टीकमगढ़ पहुंचेगे।

**बैठक** | **पलेरा में 24 फरवरी तक लाखों व्यक्तियों को दवा सेवन कराने का लक्ष्य**

# फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की टॉस्क फोर्स की बैठक संपन्न

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय द्वारा अन्तर विभागीय समन्वय के माध्यम से सामूहिक दवा सेवन अभियान में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए टास्क् फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिये।**



बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने जिले को फ ायलेरिया मुक्त बनाने के लिये ब्लॉक पलेरा में आगामी 10 से 24 फरवरी 2026 के बीच लगभग 2.50 लाख व्यक्तियों को दवा सेवन कराने के लिए परिणामोन्मुकखी प्रयास करने के लिए आदेशित किया। साथ ही हाई रिस्क 6 ग्राम और नगरीय क्षेत्र पलेरा में अधिक ध्यान देने पर जोर दिया। शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष जिले में केवल पलेरा ब्लॉक में ही फ ायलेरिया रोधी सामूहिक दवा सेवन अभियान संचालित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत दो वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जाना है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर, सुश्री अंजली शर्मा तथा निशांत भूरिया, सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, जिला शहरी विकास अभिकरण अधिकारी सुश्री शिवी उपाध्याय, जिला लोक सेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति एवं जिला टास्क फोर्स की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा अन्तर विभागीय समन्वय के माध्यम से सामूहिक दवा सेवन अभियान में बेहतर उपलब्धि हासिल करने के लिए टास्क् फोर्स के सदस्यों को निर्देश दिये। ब्लॉक पलेरा में आगामी 10 से 24 फ रवरी 2026 के बीच लगभग 2.50 लाख व्यक्तियों को दवा सेवन कराने के लिए परिणामोन्मुकखी प्रयास करने के लिए आदेशित किया।

**बैठक में ये अधिकारी रहे शामिल**

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर, अंजली शर्मा तथा निशांत भूरिया, सीएमएचओ ओपी अनुरागी, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला मौजूद रहे।

## मुख्य बाजार में जगह-जगह फैला अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में ट्राफिक जाम हो जाने की समस्या आज से नहीं बल्कि कई वर्षों से है। इसके लिए तमाम तरह के प्रयास किए जा चुके हैं, लेकिन शहर की ट्राफिक व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर रखने के कारण आए दिन जाम लगता है।**

हालात यह बनते हैं कि कई बार तो घंटों ऐसी स्थिति देखने को मिलती है और फिर पुलिस के जवानों को मैदान में उतरकर इससे लोगों को निजात दिलाना पड़ती है। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक, सुभाष बुक डिपो, नजाई मंडी, मजदूर चौराहा में जाम जैसी स्थिति देखने को मिलती है। प्रधानपुरा की गली में दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया।

## जनसुनवाई में आए 56 शिकायती आवेदन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार आज जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।**

उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 56 आवेदनों पर सुनवाई की गई।

आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।